# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

**पत्रांकः**के0यू0 / मान्यता / 2026–27 / 635 दिनांकः 18/9/26

## कार्यालय–आदेश

सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के पत्रांकः 432988/ XXIV-C-1/2026-ई–108449 / 12(12)2026 दिनांक 17 सितम्बर, 2026 के द्वारा समस्त राजकीय विश्वविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्राओं का प्रतिशत 66 प्रतिशत से अधिक होने के दृष्टिगत छात्रसंघ चुनावों में छात्राओं के प्रतिनिधित्व हेतु 50 प्रतिशत पद आरक्षित किये जाने के सम्बन्ध में वर्तमान सत्र से ही विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रसंघ संविधान में छात्राओं के प्रतिनिधित्व हेतु पदों का वर्गीकरण करते हुए 50 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाने के लिए नियमानुसार यथोचित अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्राप्त हुऐ हैं। शासन के प्राप्त उक्त निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय के परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में छात्र संघ निर्वाचन हेतु 50 प्रतिशत छात्राओं का प्रतिनिधित्व निर्धारित किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति की संस्तुति पर विश्वविद्यालय कार्य परिषद् की स्वीकृति दिनांक 18 / 09 / 2026 के क्रम में दिनांक 29 सितम्बर, 2026 को निर्धारित वर्तमान सत्र 2026–27 के छात्र संघ निर्वाचन हेतु विश्वविद्यालय के परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में छात्र संघ निर्वाचन निम्नानुसार सम्पादित किए जायेंगेः–

**1. अध्यक्ष**
**2. उपाध्यक्ष (छात्र)**
**3. उपाध्यक्ष (छात्रा–छात्राओं हेतु आरक्षित)**
**4 सचिव**
**5. संयुक्त सचिव (छात्राओं हेतु आरक्षित)**
**6. कोषाध्यक्ष (छात्राओं हेतु आरक्षित)**
**7. सांस्कृतिक सचिव**

तद्नुसार विश्वविद्यालय के डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय वर्तमान सत्र 2026–27 के छात्र संघ निर्वाचन संपादित करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त आदेश विश्वविद्यालय कार्य परिषद् के अनुमोदनोपरान्त निर्गत किया जा रहा है।

**(प्रो0 रजनीश पाण्डे)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, नावड़खेड़ा गौलापार, हल्द्वानी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्तानुसार वर्तमान सत्र (2026–27) छात्रसंघ निर्वाचन संपादित करवाये जाने हेतु कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. निदेशक, डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल / अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल।
4. प्राचार्य, समस्त राजकीय महाविद्यालय / चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर सम्बद्ध कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को इस अनुरोध के साथ कि उक्तानुसार अपने महाविद्यालयों में वर्तमान सत्र (2026–27) छात्रसंघ निर्वाचन संपादित करने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव कुलपति को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

Rajnish Pande
**कुलसचिव**